वित्तीय साक्षरता के लिए री-केवाईसी सामाजिक सुरक्षा संतृप्तिकरण शिविर संपन्न

# शिविर में नागरिकों को री-केवायसी की महत्ता के बारे में किया जागरूक





**उज्जैन / राज न्यूज नेटवर्क**

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान के अंतर्गत ब्लॉक उज्जैन की ग्राम पंचायत चिंतामन जवासिया में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक के मुख्य महाप्रबंधक शिव कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक अजीत कुमार शरण, आरबीआई के एलडीओ राम नागर, मप्र ग्रामीण बैंक की मुख्य महाप्रबंधक रचना वर्मा, मप्र ग्रामीण बैंक की क्षेत्रीय प्रबंधक कविता चौहान, भारती स्टेट बैंक की क्षेत्रीय प्रबंधक रचना सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक बलराम बैरागी, बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय समावेशन विभाग के प्रभारी सरोज कुमार, पंजाब नेशनल बैंक डीआरएम पाटीदार, शाखा प्रबंधक आशीष यादव, मप्र ग्रामीण बैंक प्रबंधक गणेश शर्मा, बैंक आफ इंडिया की प्रबंधक सुश्री हेमा गर्ग, केनरा बैंक के अंशुल गुप्ता सभी शाखा प्रबंधक अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में नागरिकों को री-केवायसी की महत्ता के बारे में जागरूक किया गया। बताया गया कि यदि खातों में री केवायसी अद्यतन नहीं होता है, तो वे इनऑपरेटिव हो जाते हैं जिससे बीमा, पेंशन, सब्सिडी जैसी शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता।

नियमित रूप से री केवायसी अपडेट कराना बैंकिंग लेन-देन की निरंतरता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। ऑपरेटिव खातों के लाभों जैसे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, बीमा क्लेम, पेंशन भुगतान आदि सुविधा आदि की भी जानकारी दी गई। शिविर में भारत सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी बीमा योजनाओं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और मौके पर ही इन योजनाओं में ग्रामीणों का पंजीकरण किया गया।

प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत मिलने वाले फायदे के साथ ही साइबर सुरक्षा के तहत ग्रामीणों को जागरूक किया गया कि वे किसी के साथ ओटीपी साझा न करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, और फर्जी कॉल से सावधान रहें। शिविर के आयोजन में साक्षरता प्रतिनिधि, सीएफएल प्रतिनिधि, बैंक ऑफ इंडिया, मप्र ग्रामीण बैंक के कियोस्क संचालकों का भी सराहनीय सहयोग रहा।